# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम- जिला जज।

दैनिक समाज जागरण सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता /धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आगामी 09 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी के प्रकोष्ठ में जिला जज द्वारा जिला विधि संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए आप सभी का सहयोग आवष्यक है जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत सफलता के साथ-साथ अपने ही कीर्तिमान को स्थापित करते हुए लक्ष्य हासिल करें। इस बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री प्रणव शंकर भी उपस्थित रहें।

जिला जज के प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में जिला विधि संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, महासचिव, नागेन्द्र सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता कमला प्रसाद सिंह, युगेश पाण्डेय, प्रमोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आगामी 09 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ बैठक का मुख्य उद्देष्य था कि स्वयं वरीय अधिवक्ता के साथ-साथ उनके साथ काम करने वाले अधिवक्ताओं का इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सक्रीय भागीदारी से अपेक्षा से अधिक परिणाम मिलने की संभावना प्रबल है जिसके लिए सभी का पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए सहयोग मांगा गया तथा अपने विधि संघ में इसको लेकर जागरूकता बढ़ाने का अपील किया गया जिला



जज द्वारा जिला विधि संघ के द्वारा पूर्व में किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

इस अवसर पर जिला जज द्वारा कहा गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का यही उद्देष्य है कि न्याय सभी के पास सुलभ हो जिसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार काफी तत्पर रहता है और इसमें सभी विद्वान अधिवक्ताओं का सहयोग मिलता है और राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन तथा इसकी सफलता सामुहिक प्रयास का ही प्रतिफल होता है और यह क्रम आगे भी जारी रहें इसके लिए सभी का सहयोग इसके निरंतरता के लिए आवष्यक है। जिला जज द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में किस प्रकार का वादों का निष्तारण संभव है इस सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। वादों के निस्तारण के क्रम में आने वाले चुनौतियों एवं समस्याओं का आपसी तालमेल एवं सहयोग से उसे दूर करते हुए निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के लिए अलग-अलग विभागों के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक किया गया है जिनमें न्यायिक पदाधिकारियों, बैंक पदाधिकारी, बीमा कम्पनी के पदाधिकारी एवं अधिवक्ता, जिले में पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारियों और बिजली विभाग एवं दूरभाष विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्मिलित है। इसके साथ-साथ जिला के अग्रणी बैंक प्रबन्धक, क्षेत्रीय प्रबन्धक, तथा शाखा प्रबन्धकों के साथ बैठक कर बैंक ऋण से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों को निष्पादन करने हेतु पूर्व में बैठक किया गया जिसका साकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस बैठक में जिला जज द्वारा इस जिला के आम जनों से भी अपील किया गया कि वे अपने सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराने में आगे आयें और इस अवसर का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठायें।

# प्रखंड के सभी शिक्षकों ने रक्षाबंधन पर्व पर काला बिल्ला लगाकर शैक्षणिक कार्य को किया

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोप गुट)'मूल' की राज्य कमिटी के आह्वान पर गुरुवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिक्षकों ने सरकार द्वारा स्कूलों की छुट्टियों में भारी कटौती करने के खिलाफ प्रदर्शन कर कार्य किया है। कार्यक्रम का नेतृत्व महासंघ (गोप गुट) के राज्य महासचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करने तथा सरकार द्वारा शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा देने के लिए परीक्षा पास करने की शर्त जोड़े जाने को लेकर अपने अपने विद्यालयों में काला बिल्ला लगाकर दिनभर शिक्षण कार्य किया। तथा मध्यांतर में विद्यालयों के गेट पर विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार द्वारा निर्गत आदेश की प्रतियां जलाई गई। अनेक विद्यालयों में शिक्षकों ने गेट पर प्रदर्शन करते हुए अपने विरोध प्रदर्शन का वीडियो और फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। सरकार के इन नए आदेशों के खिलाफ रोष प्रदर्शित किया । दाउदनगर अनुमंडल अंतर्गत गोह प्रखंड के रा. म.वि. गोह,रा. कन्या मध्य विद्यालय बहुरिया वर्मा,रा. म. वि. दधपी , कन्या मध्य विद्यालय देवहरा, सिंघाड़ी,फाग, तथा दाउदनगर में रा. कादरी मध्य विद्यालय , रा. मध्य विद्यालय नगरपालिका संख्याः-01,रा बालिका मध्य विद्यालय,दाऊदनगर, रा मध्य विद्यालय पटना के फाटक, रा. मध्य विद्यालय रामनगर एवं विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों ने काला-बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया तथा मध्यांतर के समय उक्त सभी विद्यालयों में शिक्षकगण एकजुट होकर अपने-अपने विद्यालयों के गेट पर प्रदर्शन करते हुए सरकार की शिक्षक - शिक्षा विरोधी नीतियों' के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । इन प्रदर्शनों




के दौरान शिक्षक - "छुट्टियों में कटौती का अनुचित आदेश वापस लो/ निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को अपमानित-प्रताड़ित करना बंद करो/शिक्षकों से बोरा बेचवाने का आदेश वापस लो/शिक्षकों को सरकारी कर्मी बनाने के लिए परीक्षा पास करने की अनिवार्यता समाप्त करो , शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा देना होगा।एनपीएस खत्म करो, पुरानी पेंशन लागू करने की मांगों को लेकर शिक्षकों ने शिक्षक एकता जिंदाबाद का नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। इस मौके पर जिला सचिव - अवधेश कुमार , जिला कोषाध्यक्ष- प्रह्लाद प्रसाद , जिला में शिक्षकों के वरिष्ठ नेता एवं जिला के शिक्षक आंदोलन के भीष्म पितामह- गोपाल प्रसाद गुप्ता ; प्रखंड संयोजक- आफताब आलम,प्रखंड सचिव- शाहिद अंसारी, कार्यकारिणी सदस्य- सुरेन्द्र सिंह इत्यादि संघ के पदाधारक कर रहे थे जबकि ओबरा प्रखंड में संघ के जिला अध्यक्ष- संजय कुमार सिंह ने उपर्युक्त कार्यक्रमों का नेतृत्व किया । गोह में शिक्षकों के उक्त कार्यक्रमो का नेतृत्व जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं गोह के प्रखंड अध्यक्ष- शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा हसपुरा प्रखंड में प्रखंड संयोजक राजीव कुमार रंजन एवं जिला उपाध्यक्ष कमलेश प्रसाद जैसे शिक्षक नेताओं ने किया ।इसी तरह से जिले के अन्य प्रखंडों में भी उक्त कार्यक्रमों का नेतृत्व संबंधित प्रखंडों के अध्यक्षों,सचिवों एवं अन्य पदाधारकों ने किया । दरअसल आज का सफल कार्यक्रम को देखकर यह केवल संघ का कार्यक्रम नहीं लगा बल्कि यह कार्यक्रम सचमुच में आम शिक्षकों का कार्यक्रम दिखाई पड़ा। शुक्रवार को और शनिवार को भी सभी विद्यालयों में शिक्षकगण काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे तथा छुट्टी की अवधि में अपने-अपने विद्यालयों के गेट पर खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी करने का संघ के घोषित कार्यक्रमो को लागू करना जारी रखेंगे । यह कार्यक्रम आगे शिक्षक-दिवस 05 सितम्बर 2022 तक आयोजित रहेगा । शिक्षक दिवस के बाद अगले कार्यक्रम की घोषणा संघ की राज्य कमिटी एवं संयुक्त मोर्चा की बैठक के उपरांत की जाएगी । शिक्षकों का यह धारावाहिक आंदोलन तब तक चलता रहेगा जब तक सरकार शिक्षा-शिक्षक विरोधी अपने तुगलकी फरमानों को वापस नहीं ले लेती !

# पंचायत समिति की साधारण बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 1 सितंबर 2023 :- पंचायत समिति सदस्य की साधारण बैठक शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के बहुउद्देशीय भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख सुनीता सिंह ने की। विदित हो कि प्रखंड प्रमुख की दादी का स्वर्गवास हो जाने के कारण वे बैठक में अनुपस्थित थें। बैठक में गत बैठक की सम्पुष्टि, क्षेत्रीय बैंक, प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा, समेकित बाल विकास परियोजना एवं मनरेगा योजना की समीक्षा की गई तथा वार्षिक कार्य योजना (15वीं वित) वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा षष्टम राज्य वित्त आयोग के वार्षिक कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। पंचायत समिति सदस्यों ने पदाधिकारियों को क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया और उनके निराकरण की मांग की। ग्राम पंचायत वर्मा के पंचायत समिति सदस्य अजय मेहता ने कहा कि उत्तर कोयल नहर के दक्षिणी भूभाग के नौ पंचायत सुखाड़ की मार झेल रहे हैं। बारिश नहीं होने के कारण भौम जलस्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। जिसके कारण लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए जगह-जगह पर चापाकल की व्यवस्था तथा सुखाड़ पीड़ित किसानों के हित में कदम उठाए जाए। अंचलाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि सुखाड़ घोषित करने का निर्णय सरकार के द्वारा लिया जाता है। पंचायत का सर्वेक्षण किया जा रहा है। सरकार जो निर्देश देगी उसका पालन किया जाएगा। महाराजगंज के पंचायत समिति सदस्य रंजीत प्रसाद ने बताया कि वार्ड संख्या चार एवं छः के आंगनबाड़ी केंद्र के पास नाली के पानी का जमाव होता है। जिससे उठने वाली दुर्गंध से बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका ने बताया कि उक्त स्थल के वार्ड सदस्य से बात कर ली गई है। नाली के पानी के



निकास की व्यवस्था बनाई जा रही है। ग्राम पंचायत मटपा के पंचायत समिति सदस्य दिलीप पासवान ने कहा कि रोजगार सेवक के द्वारा मनरेगा के दस लाख से ज्यादा की योजनाओं को दो हिस्से में बांट कर कार्य कराया जा रहा है। जो गलत है। वैसी योजनाओं को चिन्हित कर एक योजना पारित करने का प्रस्ताव लाया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारी बिचौलियों के द्वारा कार्य करा रहे हैं। जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। लोग दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। इस पर अंचल अधिकारी ने लिखित आवेदन देकर शिकायत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आवेदन में बिचौलियों के नाम का भी जिक्र करें। वैसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि दुधारू पशु एवं बकरी पालन के लिए बैंकों से ऋण मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें एससी-एसटी कैटेगरी के लोगों का 50% तथा अन्य वर्ग के लोगों को 20 से 30% का अनुदान दिया जाएगा।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि हर पंचायत में नब्बे लोगों को मुफ्त में डीटीएच उपलब्ध कराया जाएगा, जिनके घर में टेलीविजन लगा हो। इसके लिए कार्यपालक सहायक को सूची तैयार करने की जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि अपने पंचायत में लोगों को योजना की जानकारी दें और सूची तैयार करने में मदद करें। पंचायत समिति सदस्यों ने 15वीं एवं षष्टम वित की योजना राशि के बराबर बंटवारे की मांग की। जिस पर पंचायत राज पदाधिकारी हरेंद्र चौधरी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के बीच योजना राशि का बराबर बंटवारा किया जाएगा। षष्टम वित्त की राशि आने वाली है। हर पंचायत समिति सदस्य अपने क्षेत्र से दो योजना लिखकर ऑफिस में दें। बैठक में उप प्रमुख सुनीता सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचल अधिकारी अभय कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. यदुवंश यादव,पंचायत राज पदाधिकारी हरेंद्र चौधरी , एम ओ अजीत कुमार सिंह, रेफरल अस्पताल प्रभारी नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य अतुल पांडेय, जियाउद्दीन अंसारी, अजय मेहता, रंजीत प्रसाद, दिलीप पासवान, चंद्रशेखर सिंह आदि लोग उपस्थित थें।

# शराब की तस्करी करते पिता- पुत्र और चालक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 1 सितंबर 2023 :- अंबा थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान शुक्रवार की सुबह छः बजे परता उच्च विद्यालय के सामने से शराब की तस्करी करते पिता और पुत्र को गिरफ्तार किया। तस्कर की पहचान सिमरा गांव निवासी समलेश यादव एवं उसके नाबालिक पुत्र के रूप में हुई है। तस्कर स्कूटी के अंदर शराब छुपाकर उक्त रास्ते से गुजर रहा था जहां पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। जांच के क्रम में स्कूटी के डिक्की में छुपा कर रखी गई 180 एमएल की 206 बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह



कार्यवाही संतोष कुमार सिंह ने की। वहीं दूसरी कार्यवाही में अंबा थाने की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह दस बजे नबीनगर रोड अंबा स्थित राजू वस्त्रालय के सामने से पिकअप चालक को शराब के साथ गिरफ्तार किया। चालक की पहचान माली थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियावां गांव निवासी मनोज सिंह के रूप में हुई है। चालक के पास से 180 एम एल की पांच बोतल रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह कार्यवाही अनन्त कुमार ने की। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि मध निषेध नियम के तहत कार्यवाही करते हुए शराब को जप्त कर तस्कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# शोक सभा आयोजित कर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 1 सितंबर 2023 :- भारतीय जनता पार्टी कुटुंबा मंडल नें शुक्रवार को शोक सभा आयोजित कर पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ.



रामलखन विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि दी। बुढ़वा महादेव मंदिर गोवास के प्रांगण में आयोजित शोक सभा की अध्यक्षता परमेश्वर बैठा ने की। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने दिवंगत डॉ. विश्वकर्मा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया। उनकी जीवनी पर चर्चा करते हुए पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अलखदेव प्रसाद सिन्हा ने कहा कि वे बड़े मंझे हुए राजनीतिक कार्यकर्ता थे। वे आजीवन भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहें और तटस्थ राजनीति की मिसाल पेश की। वे सदैव पार्टी के सभी कार्यकताओं में उत्साह भरा करते थें। सच्चे मायने में वे पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। परमेश्वर बैठा ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके देहांत से सभी मर्माहत हैं। उनके जाने से पार्टी को अपुरनीय क्षती हुई है। वे हर परिस्थिति में हम लोगों के सहयोग के लिए तैयार रहते थे। शोक सभा में अनुज कुमार सिंह, राजकुमार सिंह,अलखदेव प्रसाद सिन्हा, रामाश्रय सिंह, अरुण सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, संतोष सिंह, शंभू शरण सिंह, अशोक कुमार रवि, अनिल सिंह, रोहित कुमार वर्मा, जनेश्वर पासवान, अनिल राम, अशोक दुबे, गुप्तेश्वर ठाकुर, अभिमन्यु सिंह, पवन सिंह, अवधेश राम, अभिषेक कुमार सिंह, दीपक गुप्ता, राजदेव पासवान, सुनील साव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# गोह अंदर बाजार में दूर्गा पूजा समिति की बैठक ,सावन पूर्णिमा को आयोजित की गई।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार, अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित अंदर बाजार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन पूर्णिमा को श्री दुर्गा पूजा समिति अंदर बाजार गोह के तत्वावधान में एक बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश सिंह व संचालन मुकेश पाण्डेय के द्वारा किया गया। दुर्गा पूजा समिति की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें पिछले साल की आय,व्यय को प्रस्तुत करते हुए सभी पूजा कमेटी के सदस्यों ने सर्व सम्मति से चिंटू पांडे को अध्यक्ष बनाया गया। इनके देख रेख में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाए जाने के साथ साथ सांस्कृतिक



कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों में उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय, सचिव वारिस सिंह, सह सचिव सोनू गोस्वामी, व्यवस्थापक मंडल सदस्य दिलीप सांवत, रवि सिंह, पप्पू प्रजापत, सोनल मिश्रा, छोटू राठौर, कार्यालय सचिव धर्मेंद्र ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष में शिवा पांडेय, राजन, अंकित व विनय यादव को मनोनीत किया गया।

# आर्म्स एक्ट में तीन साल की सजा।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड प्रदेश।**

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एसीजेएम वन सौरभ सिंह ने रफीगंज थाना कांड संख्या -212/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए बृहस्पतिवार को अभियुक्त एजाज खां उर्फ मोनू झिकटिया अहमदपुर रफीगंज को सजा सुनाई है, अभियोजन पदाधिकारी उमेश प्रसाद ने बताया कि अभियुक्त को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-B) में तीन साल की सजा और पांच हजार रुपए जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी, वहीं धारा (1)(2) में दो साल की सजा



और पांच हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी , उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुएअधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक राजीव रंजन, एस एस एच ओ रफीगंज ने 01/09/19 को प्राथमिकी दर्ज की थी जिसमें कहा था कि अभियुक्त को टोली बनाकर लुट या चोरी के लिए तिनोरी मोड़ रफीगंज पर एकत्र रहने पर गिरफ्तार किया गया था तलाशी के दौरान अभियुक्त एजाज खां के पास से दो जिंदा कारतूस और एक सिक्सर देशी पिस्तौल बरामद किया गया था,

# सेब्या आनंद ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई के हाथों की कलाई में बांधी राखी, देश प्रेमियों को दिया बधाई एवं शुभकामनाएं.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद( बिहार)- बिहार के औरंगाबाद में सेब्या आनंद ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाई के हाथों की कलाई में राखी बांधकर देश प्रेमियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है. बताते चलें कि रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने सुबह से ही अपने भाई की रक्षा, सुख ,शांति , की कामना को लेकर मंदिरों में पूजा अर्चना किया. वही भाइयों ने भी अपनी बहन की सदैव सुरक्षा प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना किया . सेव्या आनंद ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के असीम प्रेम व अटूट रिश्ते का प्रतीक महापर्व है . उन्होंने आगे कहा कि चंदन का टीका रेशम का धागा सावन की सुगंध बारिश की फुहार भाई की उम्मीद बहन का प्यार मुबारक हो आपको यह रक्षाबंधन का त्यौहार. उन्होंने आगे कहा कि रक्षाबंधन की पावन रित भाई बहन के लिए सबसे सुहानी



है. बहन का टीका लगाना भाई की स्मृद्धि की निशानी है. राखी बांधना भाई की तकदीर सुख शांति से सजानी है . मीठा खिलाना मिठास से दोनों को एक प्रीत निभाई है. उन्होंने आगे कहा कि कच्चे धागों से बनी डोर है राखी, प्यार और मीठी शरारतों की होड़ है राखी, भाई की लंबी उम्र की दुआ है राखी ,बहन के प्यार का प्रतीक है राखी. उन्होंने संस्कृत के श्लोक में कहा है कि जनेन विधिनायस्तु रक्षाबंधन माचरेत '

स सर्वदोष रहित सुखी संवत सरे भवेत ''

उन्होंने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र अर्थात राखी बांधकर संस्कृत का श्लोक का उच्चारण करते हुए कहा कि ऊं ऐन बद्धा बली राजा दानवेंद्रो महाबलः, तेन त्वामपि बधनामि रछो मा चल मा मा चल. ऐसे तो रक्षाबंधन के अवसर पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास के साथ बहनों ने अपने भाई के कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर राखी का महापर्व मनाया . वही खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर राखी का महापर्व संपन्न हो गया .

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा हुई।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ ,बिहार -झारखंड प्रदेश**

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे दस रत्नेश्वर कुमार सिंह ने उपहरा थाना कांड संख्या -88/20,एस टी आर 215/21 में सजा के बिन्दु पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन अभियुक्त गोलु शर्मा उर्फ अमित कुमार मेहदीपुर उपहरा को सजा सुनाई गई है, एपीपी बिगु प्रसाद और अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि आज भादंवि धारा 302 में आजीवन कारावास और पचीस हजार जुमार्ना लगाया गया है, जूमार्ना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी वहीं 27 आर्म्स एक्ट में तीन साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया गया है, जूमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी, उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए



अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि काराधीन अभियुक्त को 25/08/23 को हत्या के जूर्म में दोषी करार दिया गया था, वाद के सूचक मृतक सकलदेव कुमार विजनेरा महिदपुर की पत्नी लालती देवी ने 30.12 .20 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि रंगदारी न देने के कारण अभियुक्त ने गोली मारकर सकलदेव कुमार की हत्या कर दी थी,

# नई पेंशन योजना के विरुद्ध में पूरे बिहार में एनएमओपीएस के कर्मियों ने मनाया काला दिवस.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार):- एनएमओपीएस (पुरानी पेंशन प्रतिबद्ध संगठन) की बिहार इकाई द्वारा बिहार में एनपीएस लागू होने के दिन 1 सितंबर को काला दिवस के रूप में मनाया गया और आज के दिन बिहार सरकार के सभी पदाधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने कार्यस्थल पर काला बिल्ला लगाकर शांति पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करते हुए सरकार के समक्ष एनपीएस का विरोध दर्ज किया गया 'इस अवसर पर बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष वरुण पांडेय द्वारा बताया गया कि हम लोग लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांग रख रहे हैं, सरकार के तरफ से अब तक कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं मिला है; ऐसी स्थिति में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 सितंबर को काला दिवस के रूप में मनाया गया है और आज के दिन बिहार सरकार के सभी पदाधिकारी/ कर्मचारी द्वारा काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन किया गया ' श्री पांडेय द्वारा इस कार्यक्रम को लिखित और नैतिक समर्थन देने वाले सभी सेवा संघ/ संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया गया '

प्रदेश महासचिव शशि भूषण द्वारा बताया गया कि हम लोग बिहार सरकार के प्रति आशान्वित हैं,बिहार में गठबंधन की सरकार हैं और गठबंधन के घटक दलों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया गया था, और पूरे बिहार एवं सुदूर क्षेत्र के कार्यालय से काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन करते हुए पदाधिकारी/कर्मचारियों की तस्वीर लगातार हमें प्राप्त हो रही है, जो



इसलिए हम लोग लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांग रख रहे हैं' आज बिहार सरकार में कार्यरत लगभग 50 से अधिक सेवा संघ/संगठनों का हमें लिखित और नैतिक समर्थन मिला है और लगभग सभी संवर्ग के सदस्यों द्वारा काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है '

प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव तिवारी द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार के पदाधिकारी/कर्मचारी द्वारा 1 सितंबर को काला दिवस के रूप में पूरे जोश के साथ मनाया जा रहा है हमारे लिए और सभी एनपीएस कर्मियों के लिए काफी उत्साहवर्धक है ' इस एकजुटता को देखकर हमें यकीन ही नहीं पूरा विश्वास हो गया है कि शीघ्र ही सरकार हमारी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने को मजबूर होगी

प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार के सभी सरकारी सेवकों के इस विरोध को देखते हुए बिहार सरकार को भी इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने सरकारी सेवकों के हित में निर्णय लिया जाना चाहिए'

# बोधगया निरीक्षण अतिथि भवन में बिहार सरकार के परिवहन मंत्री श्रीमती शीला मंडल को जदयू कार्यकताओं ने भव्य तरीके से किया स्वागत.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल .**

गया (बिहार )- गया जिला के बोधगया निरीक्षण अतिथि भवन में बिहार सरकार के परिवहन मंत्री श्रीमती शीला मंडल का जदयू कार्यकताओं द्वारा फूल माला, गुलदस्ता,गमछा देकर भव्य तरीके से स्वागत किया गया. स्वागत करता प्रदेश सचिव सह कुर्था विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार राव, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विनोद कुमार,जिला महासचिव विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष बवंन चंद्रवंशी आदि सहित जदयू



कार्यकताओं ने बारी बारी से स्वागत किया. बताते चलें कि मंत्री श्री शीला मंडल 01 सितंबर 2023 (शुक्रवार) को महाबोधी रिजॉर्ट बोधगया में परिवहन विभाग द्वारा की ई-परिवहन में भारत के 12 राज्यों के प्रतिभागी बैठक में शामिल होने के लिए आए थे.

# चेनारी उगहनी में सहायक थाना का एसपी ने किया शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के उगहनी में शुक्रवार को सहायक थाना का शुभारंभ किया गया। सहायक थाना का उद्घाटन करते हुए एसपी विनीत कुमार ने बताया कि इस ओपी की स्वीकृति वर्ष 1990 में ही मिल गई थी। इसके बाद भी आज तक यह कार्यरत नहीं था। मुख्यालय के प्रयास से इसे अब सुचारू कर दिया गया है। ओपी अध्यक्ष के रूप में गोविंद कुमार को पदस्थापित किया गया है।

एसपी ने बताया की जल्द ही इसके क्षेत्र का भी निर्धारण कर दिया जाएगा। एसपी ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार भविष्य में ओपी को थाना में उन्नयन किए जाने की भी उम्मीद है। समय के साथ यह पूर्ण कालीन थाना बनाया जाएगा। एसपी ने कहा कि कैमूर पहाड़ी से सटे पंचायत मल्हीपुर, उगहनी, सादोखर



व देवडीही पुलिस गश्ती नियमित हो जाएगी। इन गांव के लोगों को अपनी समस्या को लेकर 8 से 10 किलोमीटर दूरी तय कर चेनारी आना पड़ता है। जो अब दो से तीन किलोमीटर ही रह जाएगा। गुप्ता धाम से लेकर पहाड़ी के औरैया भुडकुडा ओरदगा के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महसूस की जा रही रिक्तियों की भरपाई की जा सकेगी। उन्होंने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की। मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार राय समेत कई अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# हत्याकांड की प्राथमिकी दर्ज एक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण नसीम नोखा रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत नोखा थाना क्षेत्र के भावाडीहरी गांव में एक युवक की एक दिन पहले गोली मा-रकर हत्या कर दी गई।घटना बुधवार की देर रात्रि की बताई जा रही है। गुरुवार की देर शाम को मृतक की पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें चार को नामजद अभ्युक्त बनाया गया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी पूनम कुमारी ने आवेदन में चार को नामजद अभ्युक्त बनाया है। इसमे एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि आवेदन में मृतक की पत्नी पूनम देवी ने कहा है कि नोखा थाना क्षेत्र के भावाडिहरी गांव में उमेश सिंह घर में पार्टी मनाई जा रही थी। जहा पर आपसी विवाद शुरू हुई और इसमें गोलीबारी होने लगी।जिसमे भवाडीहरी गांव के स्व राम जी सिह का 30 वर्षीय पुत्र रविंद्र कुमार को उमेश कुमार ने गोली मा-रकर के हत्या कर दी गई। दोनो चचरे भाई बताये जा रहे है। घटना की सूचना पर नोखा पुलिस घटना स्थल पर पहुची और इलाज के लिए नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासा-राम हेतू भेज दिया। इस पार्टी में चार लोग शामिल थे। घटना के बाद आरोपी उमेश सिंह भाग निकला। घटना के बाद गांव में सन्नाटा फैला हुआ है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि लगभग दो माह पहले जेल से छूटे उमेश सिंह द्वारा गोली मार करके रविंद्र कुमार की हत्या कर दी गई। रविंद्र कुमार आरा में रहकर के ऑटो चला करके अपना जीविकोपार्जन कर रहे थे। जो की बुधवार को ही गांव आए थे। पार्टी के दौरान उमेश सिंह एव चार लोगों ने उनकी हत्या गोली मार कर कर दी। मौके पर पुलिस ने उमेश सिह को पकड़ने के लिए छापेमारी की। लेकिन भाग निकला। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि इसमें नामजद अभ्युक्त सुरेश सिह को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने पर महज 8 घण्टे बाद ही एक अभ्युक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पेड़ पौधे प्राकृतिक व मानव जीवन के सबसे बड़े आधार - आनंद सिंह

**दैनिक समाज जागरण लालबिहारी गुप्ता,तिलौथू रोहतास**

रक्षाबंधन पर्व के पावन पवित्र अवसर के उपरांत शुक्रवार को रामजग सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित आर एस के पब्लिक स्कूल, बीएमपी, बस्तीपुर, डेहरी ऑन सोन, रोहतास के प्रांगण में पीपल के वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर वृक्षों का संरक्षण हेतु आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, पूर्व सभापति बिहार विधान परिषद के प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी, पूर्व मुख्य पार्षद प्रत्याशी ज्योति कुमारी के पति एवं समाजसेवी पंकज कुमार उर्फ गुड्डू , एसएसएस कैम्बेरियन स्कूल के प्राचार्य शशिधर पाठक, संगीत शिक्षक बादल गुरु ने लोगों से सामूहिक अपील की। स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि पेड़ पौधे मनुष्य के मित्र होते हैं, धरती पर बढ़ती धूप के तापमान एवं गर्म हवाएं पेड़- पौधे के बिना हमें अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर पेड़ पौधों का संरक्षण एवं नए पौधे लगाए जाए तो हर मौसम



में हमें इनका लाभ मिलता रहेगा। पेड़ पौधों की अधिकता हमें प्रचुर मात्रा में मौसम के अनुसार बारिश ऑक्सीजन एवं मनुष्य को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाकर उनके हर एक कार्यों में सफलता प्रदान करते हैं। पूर्व सभापति सह वर्तमान विधान पार्षद के जिला प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि " प्रकृति रक्षति रक्षिता " ईश्वर ने इंसान को प्रकृति से इस तरह का अटूट संबंध बनाया है जो की एक दूसरे के बिना अधूरा हैं। इसलिए हर व्यक्ति को पेड़ और पौधों को लगा करके उनका संरक्षण करना बहुत ही जरूरी है। आज के वातावरण को शुद्ध एवं मानव हित के लिए लाभकारी बनाना हम सबों का परम कर्तव्य है। जिससे आमजनों को बेहतर लाभ मिल सके।

# युवक का शव को निकालने में जुटी एसडीआरएफ की टीम

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी ऑन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डेहरी थाना अन्तर्गत एनिकट स्थित सोन नद में एक 14 वर्षीय युवक स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने कारण डूब गया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम खाद खिदिर पर्व के अवसर पर फातेया एवं इबादत करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग सोन नदी के तट पर गए थे,जहां डेहरी थाना क्षेत्र के बारह पत्थर मुहल्ले के निवासी फुल मोहम्मद खान का 14 पुत्र मासूम खान अपने चार दोस्तो के साथ सोन नद में स्नान करने के लिए पानी में उतर गया। स्नान के दौरान चारों युवा गहरे पानी में डूबने लगे। वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा गोताखोर की मदद से तीनों युवकों को सुरक्षित पानी से बाहर निकाल दिया गया ,लेकिन मासूम खान नामक युवक के गहने पानी में चले जाने कारण डूब गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी। प्रशासन की टीम स्थानीय गोताखोर की मदद से शव को खोजने का प्रयास किया, लेकिन शव नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि पटना से एसडीआरएफ की टीम को लगाया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हुआ है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाला रास्ता जर्जर

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकार द्वारा लगभग आठ करोड़ की लागत से बनवाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पथ अत्यंत जर्जर स्थिति में है। अस्पताल का भवन बनकर लगभग तैयार हो चुका है। महीने दो महीने के अंदर हीं वर्तमान में संचालित पीएचसी को नए भवन में शिफ्ट किया जायेगा। लोगो ने बताया कि वर्तमान में संचालित पीएचसी से नए भवन की दूरी लगभग तीन सौ मीटर की है। जो अभी तक कच्ची सड़क के तौर पर पड़ी हुई है। बरसात के दिनों में उक्त रास्ते में जल जमाव व कीचड़ हो जाती है ,जिसमें पैदल चलना भी संभव नहीं



होता है। बरसात के दिनों में निर्माण सामग्री ले जाने हेतु संवेदक द्वारा पचास मीटर की दूरी तक रोड़ी पत्थर डाले गए हैं। नये भवन में अस्पताल शुरू होने में अब कुछ हीं दिन शेष बचे हुए हैं। अगर उक्त रास्ते को निर्माण नहीं किया जाता है तो मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस समेत कर्मियों व इलाज हेतु जाने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इस मामले में पीएचसी के प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उनके द्वारा प्रखंड प्रमुख से उक्त रास्ते का पीसीसी ढलाई करने हेतु अनुरोध किया गया है। जिससे लोगो एवं मरीजो को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रक को किया जब्त

**दैनिक समाज जागरण रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले अंर्तगत कछवां थाने की पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रक को जब्त किया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि भोजपुर की ओर से आ रहे अवैध बालू लदे तीन ट्रक को थाना क्षेत्र के दनवार पेट्रोल पंप के समीप से जब्त किया गया है। मामले में संलिप्त तीनों ट्रक के चालक भागने में सफल रहा। जब्त तीनों ट्रक के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास सूचना भेज दी गई है। जब्त तीनों ट्रक को स्थानीय थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।

# प्रखंड प्रमुख को अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने मारी गोली

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत बिक्रमगंज के प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली सिंह को शुक्रवार को दिनदह-ाड़े अज्ञात अपराधियों ने गोली मा-रकर घायल कर दिया। गोली से प्रमुख की गाड़ी में भी छेद हो गई है। घायल प्रमुख का प्राथमिक उपचार बिक्रमगंज के अनुमंडल अस्पताल में हुआ। इसके बाद सासाराम रेफर कर दिया गया है। प्रमुख प्रखंड कार्यालय से प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति की बैठक कर कार्यालय से बाहर निकल कर घर लौट रहे थे। इसी बीच बाइक सवार हेलमेट लगाए दो अपराधियों ने गोली चला दी। गोली प्रमुख के दाएं हांथ में लगी है। वे खतरे से बाहर बताए जाते हैं। बिक्रमगंज अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें स-ासाराम रेफर किया गया है। प्रमुख ने बताया कि प्रखंड शिक्षक नियोजन समिति की बैठक कर लौटने के क्रम



में बाइक सवार हेलमेट लगाए दो अपराधियों ने गोली चलाई जिसमें एक गोली उनके बांह में लगी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और बिक्रमगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शशिभूषण सिंह अस्पताल में पहुंचे। एसडीपीओ ने बताया कि गोली हांथ में लगी है और बेहतर इलाज के लिए उन्हें सासाराम भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अभी प्रमुख का बयान नहीं लिया गया है, पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि घटना की जांच पुलिस कर रही है।

# आशा कार्यकताओं ने काला पट्टी बांधकर जताया विरोध

**दैनिक समाज जागरण नसीम शाह,नोखा रोहतास**

केंद्र सरकार द्वारा अपनी मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ता और फैसीलेटर एक बार फिर से सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते दिखीं ,आशा कार्यकताओं ने शुक्रवार को रोहतास जिले के नोखा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार के विरुद्ध नाराजगी जाहिर की और जमकर नारेबाजी भी किया।वही विरोध प्रदर्शन के नेतृत्व कर रहे सचिन बेबी कुंवर ने बताया कि हम लोग लगभग दो महीना से 9 सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। जहां हड़ताल के दौरान बिहार सरकार ने हमारी कुछ मांगों को मानते हुए राहत पहुंचाई। लेकिन केंद्र सरकार ने हमारे लिए अभी भी कुछ नहीं किया जिसको




लेकर हम लोग आज काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।हालांकि इस विरोध प्रदर्शन के कारण कोई भी स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं हुई है विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीकों से आशा कार्यकर्ता और फैसिलेटरों के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर विरोध प्रदर्शन में अंशु देवी, रंजू देवी , कलावती देवी कांति कुंवर , शारदा देवी, शांति कुंवर , अमृता देवी सहित सैकड़ों आशा कार्यकर्ता शामिल मिल रही।

# धन्यवाद सभा को संबोधित करने आज आयेंगे जाप सुप्रीमो पप्पू यादव

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी ऑन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डालमियानगर स्थित क्वार्टरों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा खाली करने के आदेश के विरुद्ध रोक लगाने के बाद माननीय न्यायालय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करने और इस हक के लड़ाई के संघर्ष में मजबूती से साथ देने के लिए धन्यवाद सभा को संबोधित करने हेतु आज पुनः जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व सांसद पप्पू यादव का आगमन डालमियानगर स्थित झंडा चौक के मैदान में होगा। एक ओर जहां स्थानीय सांसद व विधायक इस गंभीर मुद्दे पर मौन धारण करते दिख रहे है वही ज्ञात हो कि इस मुद्दे को लेकर अब तलक तीन बार पप्पू यादव का आगमन



डालमियानगर में हो चुका है। डालमियानगर क्वाटरों को खाली होने से बचाने के लिए पूर्व विधायक प्रत्याशी सह प्रदेश महासचिव समीर कुमार लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जिसमे उनका भरपूर समर्थन जाप सुप्रीमो पप्पू यादव का मिलता दिख रहा हैं । समीर कुमार ने बताया कि डालमियानगर स्थित क्वाटरों को खाली होने से बचाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है कि लोगो को जरूर न्याय मिलेगा। समीर कुमार ने बताया कि डालमियानगर की सभी जनता के समर्थन से लगातार वे इस लड़ाई को पप्पू यादव जी के दिशा-निर्देश पर लड़ रहे हैं। जिसमे मुख्य रूप से आलोक सिंघानिया, ललित सिन्हा, धनु श्रीवास्तव इत्यादि शामिल रहते हैं।

# वोटर चेतना महा अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय बीएलए टू कार्यशाला आयोजित

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी, बिक्रमगंज रोहतास**

काराकाट विधानसभा में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोटर चेतना महाअभियान के अंतर्गत बी.एल.ए.-2, शक्ति केन्द्र प्रमुख, शक्तिकेन्द्र प्रभारी, बुथ अध्यक्षों की कार्यशाला आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता काराकाट विधानसभा संयोजक अखिलेश पांडेय एवं संचालन धनंजय सिंह ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व विधायक सह बी.एल.ए.-1 राजेश्वर राज, जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी मंगलानंद पाठक, लोकसभा संयोजक सह अध्यक्ष अतिपिछड़ा मोर्चा नवीनचंद साह, लोकसभा विस्तारक रामप्रकाश पांडेय आदि ने पार्टी के विचारों के स्त्रोत डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपध्याय एवं मां भारती के छवि पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया । बैठक में पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने बी.एल.ए.-2 को अत्यंत सक्रिय होकर वोटर का नाम जुड़वाने जो वोटर किसी कारण से अनुपस्थित हैं।उसका नाम कटवाने आदि तकनीकी विषयों पर प्रकाश



डाला, साथ हीं पार्टी द्वारा राष्ट्रीय भावना की संवेदना से जुड़े कार्यक्रम "मेरा माटी, मेरा देश" को गंभीरता से प्रत्येक पंचायत व गांव में करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहीद जन,स्वतंत्रता सेनानी, सेवा निवृत्त सैनिक या राष्ट्र के प्रति समर्पण रखनेवाले किसी भी विशिष्ट जन को उनके गृहकेन्द्र पर उन्हें सम्मानित कर उनके आंगन से मिट्टी या उनके घर से एक मुट्ठी अक्षत लेकर उसे प्रदेश एवं केन्द्र में भेजना है । जिसका प्रयोग केन्द्रीय अमृत वाटिका निर्माण में प्रयोग कर हमारे गांव के उस मिट्टी का सम्मान होगा। प्रदेश मंत्री सह काराकाट लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने वोटर चेतना अभियान के अंतर्गत प्रदेश से दिए गए अनावरत कार्यक्रम को समयबद्ध करने का आह्वान किया। इस अवसर पर माले नेता प्रमोद को पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने भारतीय जनता पार्टी में सम्मानित कर योगदान कराया।कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष अजित सिंह, ललित मोहन सिंह, नागेश्वर कुशवाहा, सुनील कुमार सिंह, सत्येन्द्र पाठक,सुरेश गुप्ता, गोपेश ,सुरेश गुप्ता, भुपेश मुखिया, विजय सिह, कमला देवी,नवनीत साह, श्याम किशोर पांडेय,बैजनाथ सिंह,अरविन्द भारती ,करमू महतो, अरविन्द , कुश पाडेय आदि लोग उपस्थित थे।

# रोहतास उद्योग समूह के क्वार्टर के मामले में 200 से ज्यादा लोगों पर 107 के तहत नोटिस जारी

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास**

डालमियानगर रोहतास उद्योग समूह के 1471 क्वार्टर के खाली करने के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद क्षेत्र में " आशियाना बचाओ अभियान " के तहत लगातार हो रहे धरना प्रदर्शन को देखते हुए विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से अभी तक 200 से ज्यादा लोगों के ऊपर न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी के द्वारा नोटिस जारी की गई है। शिव गांधी, वार्ड पार्षद रितेश कुमार, पिंकू झा ,चंदन भट्ट सहित अन्य स्थानीय लोगों पर की गई कार्रवाई के अनुसार अनुमंडल अधिकारी कार्यालय के द्वारा दिए गए नोटिस के अनुसार बताया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय पटना के न्यायादेश दिनांक 14 /10/ 2022 एवं कंपनी अपील डी.बी. नंबर 7/ 2022 के अनुपालन में रोहतास उद्योग समूह में स्थित 1471 क्वार्टर को खाली कराए जाने का मामला है। इसमें जारी की गई नोटिस में वर्णित व्यक्तियों द्वारा विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने की आशंका को देखते हुए धारा 107 द. प्र.स. की करवाई की गई है। इसके तहत 1 साल तक शांति बनाने हेतु प्रत्येक लोगों को ₹50 हजार का बंध- पत्र एवं सम्मान राशि के दो प्रति गुना सहित निष्पादित करने का आदेश दिया गया है। थाना अध्यक्ष खुशी राज ने बताया कि न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी के द्वारा धारा -107 के तहत 200 लोगों के ऊपर नोटिस जारी की गई है। जिससे क्षेत्र में विधि व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाए रखा जा सके।

# विद्यालय से चावल व अन्य सामग्री की अज्ञात चोरो ने की चोरी

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत गुरुवार की देर रात भावाडीह गांव के समीप प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने किचन में रखें चावल व बर्तन व अन्य सामग्री की चोरों ने चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका बिंदा देवी ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।प्रधानाध्यापिका ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की शाम विद्यालय बंद कर हम लोग घर चले गए। सुबह में ग्रामीणों ने चोरी की घटना की सूचना दी। जब मैं विद्यालय पहुंची तो देखा कि किचन का ताला तोड़ चोरों ने डेढ़ क्विंटल चावल, सरसों तेल व एमडीएम का बर्तन चोरी कर लिया गया है। दो वर्ष में छठवीं बार चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पूर्व में चोरों द्वारा कई बार उपस्थिति पंजी को भी फाड़ दिया गया था। सभी चोरी की घटनाओं की सूचना पुलिस को दी गई है । लेकीन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# अज्ञात वाहन पैदल जा रहे मजदूर को रौंदा , घटनास्थल पर हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी, बिक्रमगंज रोहतास**

बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर गुरुवार की रात रेलवे क्रॉसिंग के समीप अज्ञात वाहन पैदल जा रहे एक मजदूर को रौंद डाला जहां घटनास्थल पर मौत हो गयी। घटना को अंजाम देकर अज्ञात वाहन भागने में सफल रहा। जैसे ही यह घटना घटित हुई उक्त दौरान आसपास के लोग जुट गए।जिसकी सूचना आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर थाना लाया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हुई है। कहा कि घटित घटना की सूचना मिलते ही मृतक के कुछ साथी थाना आकर उसकी पहचान की। मृतक पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत साकिम दिग्घी पहाड़ी निवासी इकबाल शेख का पुत्र इसराइल शेख बताया जाता है। जिसको मृतक के साथी के समक्ष पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया।

# पीएसी रोहतास में वाटर प्यूरीफायर का हुआ उद्घाटन

## पीएचसी पर अब मरीजों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**दैनिक दमाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**

रोहतास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास में शुक्रवार को प्लांट हेड लोकेश कुमार बाहेती के देखरेख में भारत डालमिया फाउंडेशन सीएसआर के द्वारा वाटर प्यू-रीफायर अस्पताल कैंपस में लगाया गया था। बता दे कि वाटर प्यूरीफायर में 80 लीटर की क्षमता के साथ शुद्ध पेयजल एवं शीतल जल की व्यवस्था है। प्यूरीफायर



लगाने से अस्पताल के कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों में भी खुशी देखी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि अब यहां मरीजों को पानी के दिक्कत के सामने नहीं करनी पड़ेगी। वही रोहतास पीएसी के विषय में आजाद कुमार प्लांटेड लोकेश बाहेती द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया गया। जहां अस्पताल के कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि लोग भी मौजूद थे। मौके पर अखिलेश सिंह,सनोज कुमार,मुकेश पाठक,उदय तिवारी,कलमेश कुमार, लवकुश तिवारी व अमन गुप्ता आदि थे।

# मंदिर कमेटी द्वारा चलाया गया अटूट लंगर

**दैनिक समाज जागरण नसीम शाह,नोखा रोहतास**

रोहतास जिले की नोखा के काली मंदिर के प्रांगण में आज शुक्रवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया वही इस भंडारे में लगभग सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया वही इस कमेटी के सचिव ने बताया कि हर साल भव्य भंडारे का आयोजन वर्षों से चला आ रहा है वही



इस साल भी सावन मास खत्म होने और पूर्णिमा के बाद इस भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें माता के पूजा अर्चना के बाद या लंगर सुबह 10:00 बजे से रात के 10:00 बजे तक अटूट चलता रहेगा इसमें सैकड़ो लोगों की आने की उम्मीद है, वही मौके पर मां काली मंदिर के अध्यक्ष मनोज चंदेल, विनोद कुमार, सरोज कुमार गुप्ता, सभी सदस्य मजुद थे।

# पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला थाने की पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय के आदेश पर बांक गांव में ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। न्यायालय के आदेश पर अकोढ़ी गोला थाने की पुलिस ने दल-बल के साथ बांक गांव में पहुंच कर ढोल बजाते हुए अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपकाया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि बांक गांव निवासी फरार अभियुक्त उर्मिला देवी, हरेराम शर्मा, विकास शर्मा, समेत चार लोगों के खिलाफ न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जिसमें चारों अभियुक्त फरार बताया जाते है।

# बिजली की करंट लगने से एक की मौत

**दैनिक समाज जागरण संझौली,रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र के उदयपुर ग्राम में सुबह करीब नौ बजे बिजली के करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक जयचंद चौधरी 52 वर्ष बताए जाते हैं। बताया जाता हैं कि वे सुबह में घर में पंखे के तार को जोड़ रहे थे। इसी बीच अचानक पंखा में करंट आ गया और उन्हें अपने चपेट में ले लिया। परिजनों द्वारा उन्हें तत्काल लाया गया, जहां से उन्हे रेफर कर दिया गया। रास्ते में जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई।

# राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव नियुक्त हुए धीरज चौधरी

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र,डेहरी आन सोन रोहतास**

शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष धीरज चौधरी चौधरी को पार्टी ने एक बड़ा जिम्मेवारी देते हुए उन्हें रोहतास जिला राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रधान महासचिव पद पर नियुक्त किया है। प्रदेश कार्यालय राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सहनी ने धीरज चौधरी को प्रमाण पत्र देकर उन्हें पद के लिए शुभकामनाएं दिया। धीरज चौधरी ने कहा कि पार्टी ने जो मुझे जिम्मेवारी दी है। उसे अपने क्षेत्र में पूरे शक्ति लगाकर कार्य करूंगा। और पार्टी को ऊंचे शिखर पर पहुंचाने का कार्य करूंगा।

